निबंधन एवं शर्तें

सलाहकार-एचएमआईएस (सांख्यिकी प्रभाग)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपरोक्त उल्लिखित पद पर पूर्णतः संविदा आधार पर नियुक्ति के लिए योग्य उम्मीदवार से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकाएँ एवं जिम्मेदारियाँ :

- राज्य के अधिकारियों, प्रोद्योगिकी भागीदारों एवं अन्य हितधारकों के साथ संपर्क साधना ।
- अनुरूपता के लिए एच एम आई एस डाटा की जांच करना एवं डाटा मे त्रुटियों के सुधार के लिए राज्यों के साथ अवलोकन करना ।
- एच एम आई एस की डाटा रिपोर्टिंग स्थिति का अनुश्रवण करना ।
- विभिन्न हितधारकों के लिए सांख्यिकीय संकुल (एस ए एस) का उपयोग कर डाटा विश्लेषण के आधार पर रिपोर्ट संकलन करना
- एच एम आई एस के विभिन्न पहलुओं, जैसे डाटा रिपोर्टिंग प्रारूप (फोर्मेट्स), रिपोर्ट्स एवं डाटा के उपयोग पर राज्य एवं जिला स्तर के अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करना ।
- "भोगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) सक्षम एचएमआईएस पोर्टल " से संबन्धित मुद्दों का प्रबंधन ।
- मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा सौंपा गया कोई भी अन्य कार्य ।
- परामर्शदाता, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के लिए कार्य करेंगे एवं कार्य स्थल नई दिल्ली होगा । उन्हे देश के भीतर यात्रा करने की आवश्यकता हो सकती है ।

पात्रता मापदंड:

- स्वास्थ्य प्रबंधन / सांख्यिकी / लोक स्वास्थ्य / स्वास्थ्य सूचना / सूचना प्रोद्योगिकी मे कम से कम स्नातकोत्तर उपाधि / उपाधिपत्र
- सलाहकार को कम से कम 2 वर्ष का स्वास्थ्य डाटा प्रबंधन एवं विश्लेषण के कार्य मे अनुभव होना चाहिए ।

वांछनीय योग्यता :

- डाटा संधारण / डाटा विश्लेषण मे दो वर्ष का अनुभव एवं एम एस ऑफिस व सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर (एस ए एस , एस पी एस एस आदि) का कार्यसाधक ज्ञान ।
- आर सी एच कार्यक्रम के साथ परिचित होने का लाभ ।
- उन उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी जिनहोने राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय एम आई एस पर कार्य किया हो ।

आयु : आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तिथि को 45 वर्ष से अधिक नहीं ।

पारिश्रमिक सीमा : 60,000/- से 1,20,000/- रुपये के बीच प्रति माह।

आवेदन कैसे करें: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे टीओआर के साथ संलग्न आवेदन प्रपत्र जो एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है, को डाउनलोड करें तथा दिनांक **9-Jul-2019** तक आवेदन पूर्णतया भर कर hmis.recruitment@gmail.com पर ई-मेल करें। अन्य रूप से भेजा गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र में आवेदित पद का उल्लेख किया गया है अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।